# बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : गजेन्द्र सिंह

**बीकानेर,** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके मद्देनजर सभी अधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें, जिससे आमजन को इनका पूर्ण लाभ मिल सके।

जिला प्रभारी मंत्री गर्जेद्र सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाएं समयबद्ध क्रियान्वित हो, इसके मद्देनजर उच्च स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा होती है। उन्होंने विद्युत निगम, चिकित्सा, पशुपालन, सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी बजट घोषणाओं के भूमि आवंटन आगामी एक सप्ताह में करवाने और इनके लिए आवश्यकता अनुसार विस्तृत प्रस्ताव बनाकर शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि भूमि आवंटन के बाद विभाग पजेशन रिपोर्ट भेजें, जिससे आगे की कार्यवाही करवाई जा सके।

कोलायत में कपिल सरोवर तथा देशनोक में करणी माता मंदिर विकास के संबंध में हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए चिकित्सा मंत्री ने कहा कि



**जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।**

कोलायत और देशनोक धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित हों, इसके लिए पूरे प्रोजेक्ट की डीपीआर की समीक्षा कर प्राथमिकताओं के अनुसार कार्य करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि दोनों स्थान बीकानेर में धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अहम हैं। इन क्षेत्रों के बुनियादी विकास के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। प्रभारी मंत्री ने कतरियासर में जसनाथ पैनोरमा निर्माण के लिए भूमि चिन्हीकरण कार्य भी जल्द करवाने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि बीकानेर में संभागीय मुख्यालय के मद्देनजर पर यहां की सड़कों के नवीनीकरण और मरम्मत कार्य को प्राथमिकता से पूरा करवाया जायेगा। इसके लिए राशि जारी की गई है। आवश्यकतानुसार और राशि स्वीकृत करवाई जायेगी। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि आमजन को आवाजाही में सुगमता हो, इसके लिए कार्यकारी एजेंसी हैवी ट्रैफिक वाली सड़कों का प्राथमिकता से नवीनकरण व मरम्मत कार्य पूर्ण करवाए। अतिरिक्त आवश्यकता के अनुरूप प्रस्ताव बनाकर भिजवाए जाएं। गजेन्द्र सिंह ने जिले की समस्त बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए विस्तृत नोट तैयार करवाने के निर्देश दिए।

- **विद्युत निगम, चिकित्सा, पशुपालन, सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी बजट घोषणाओं के भूमि आवंटन के प्रस्ताव बनाकर भिजवाने के निर्देश दिए**

चिकित्सा मंत्री ने 132 केवीजीएसएस, नोखा जिला अस्पताल, ई-बसों के लिए डिपो और अटल इनोवेशन सेंटर निर्माण, आवासीय वेद विद्यालय, स्पोर्ट्स कॉलेज, एमएसएमई उत्पादों के लिए टैस्टिंग लैब निर्माण, अटल प्रगति पथ, सड़क नवीनीकरण कार्य, महाजन में सहायक अभियंता कार्यालय सहित विभिन्न बजट घोषणाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान की देखभाल के लिए निर्देशित किया। शिक्षा विभाग के शासन सचिव और जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने कहा कि बारिश के मददेनजर शहर और नगरीय निकायों में नालों, सड़कों की नियमित साफ सफाई हों।

## बीकानेर मंडल के रेल मार्ग विद्युतीकृत

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर मंडल के सरूपसर-अनूपगढ़ के 65 किलोमीटर रेल मार्ग के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है। इसके साथ ही बीकानेर मंडल के संपूर्ण 1780 रूट किलोमीटर वाले रेल मार्गों का पूर्ण विद्युतीकरण हो गया है।

मंडल के लूणकरनसर, लालगढ़, कोलायत, चक-महाराज-का व कल्याणकोट ट्रैक्शन सब स्टेशन पर कार्य द्रुत गति से जारी है। जिसके पूर्ण होते ही मंडल पर पूर्ण रूप से बिजली कर्षण लागू हो जायेगा। वर्तमान में बीकानेर मंडल पर 86 सवारी गाडियों व आवश्यकता अनुसार माल गाडियों का संचालन बिजली कर्षण पर किया जा रहा है। बीकानेर-सादुलपुर-रेवाड़ी खंड के सादुलपुर-लोहारू हिस्से में बिजली कर्षण पर सवारी गाडियों का संचालन अक्टूबर 2022, चुरु-सादुलपुर में दिसंबर 2022, बीकानेर-चूरू में जुलाई 2023 से शुरू किया गया। बीकानेर से दिल्ली के मध्य चलने वाली सवारी गाड़ी 12457/58 का बिजली कर्षण पर 31.8.2023 से संचालन शुरू किया गया। वर्तमान में इस खंड में 16 जोड़े (32 संख्या) सवारी गाड़ियों का संचालन बिजली कर्षण पर किया जा रहा है। बीकानेर-सूरतगढ़ खंड में लूणकरणसर व लालगढ़ ट्रैक्शन सब स्टेशन का कार्य प्रगति पर है जिनके कमीशन होने पर इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन पर गाड़ियों का संचालन संभव हो सकेगा।

## सार-समाचार

### ठेका प्रथा को खत्म करने की मांग



**बीकानेर शहर भाजपा अध्यक्ष विजय आचार्य को संविदाकर्मियों ने ज्ञापन सौंपा।**

**बीकानेर,** (कासं)। स्वास्थ्य विभाग में लगे प्लेसमेंट एजेंसी ठेका कर्मियों ने शहर जिला भाजपा अध्यक्ष विजय आचार्य को संभागीय कार्यालय में आरएलएसडीसी बोर्ड का नोटिफिकेशन जारी कर प्लेसमेंट एजेंसी ठेका प्रथा को समाप्त करने के संबंध में ज्ञापन दिया। आरएलएसडीसी बोर्ड का नोटिफिकेशन जारी कर प्लेसमेंट एजेंसी ठेका प्रथा को खत्म करने की मांग की गई है। इसे लेकर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग में लगे प्लेसमेंट एजेंसी ठेका कर्मियों ने बीकानेर में विजय आचार्य (शहर जिला भाजपा अध्यक्ष) से आज भाजपा संभागीय कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मुलाकात होने के बाद उन्होंने अपनी तरफ से पूर्ण रूप से यह आश्वासन दिया कि में आप द्वारा दी गई मांग को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करूंगा, और इसकी एक कॉपी वित्त मंत्री के कार्यालय तक पहुंचाऊंगा। इससे पूर्व भी हमने बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास और सीएमएचओ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एक ज्ञापन की कॉपी दी थी। संविदाकर्मी ओमप्रकाश किराडू ने बताया कि प्लेसमेंट एजेंसी ठेका कर्मचारियों को शोषण मुक्त कराने के लिए प्लेसमेंट एजेंन्सी ठेका प्रथा को समाप्त कर अक्टूबर 2023 में पूर्व सरकार के कार्यकाल के दौरान आरएलएसडीसी बोर्ड गठन किया था। इस बोर्ड को मंत्रिमंडल की मंजूरी भी मिल चुकी है, लेकिन नोटिफिकेशन आज तक जारी नहीं किया गया है। स्वास्थ्य विभाग में लगे विभिन्न योजनाओं के तहत कार्यरत कार्मिक मयंक व्यास, अमित कुमार व्यास, नितेश श्रीमाली, अभय आचार्य, गणेश आचार्य, तुषार पंवार, गोविंद कुमार, प्रदीप महात्मा, आलोक, जयकिशन देराश्री, अभिषेक व्यास अविनाश आदि शामिल थे।

### स्तनपान की जानकारी दी




**स्तनपान सप्ताह गतिविधियों के विजेताओं को डॉ. आर. के. सोनी ने पुरस्कृत किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। शिशु औषधि विभाग सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय और बीकानेर पेडियाट्रिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग स्टूडेंट्स और पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट ने विभिन्न गतिविधियां जैसे नर्सिंग विद्यार्थियों का पोस्टर मेकिंग कंपटीशन, शिशु औषधि विभाग की नर्स का स्पीच कंपटीशन और पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों का स्पीच कंपटीशन और क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसके साथ ही इसके साथ ही जनाना हॉस्पिटल पोस्टर्न ताल वार्ड में माता की स्तन पान से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। बच्चा अस्पताल में भारती नवजात शिशुओं की माता और रिश्तेदारों को स्तनपान से बीमार शिशु को कैसे फायदा हो सकता है और कैसे स्तनपान से शिशु को बीमार होने से रोका जा सकता है के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतिम दिन विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. आर. के. सोनी ने उपस्थित चिकित्सकों और नर्सेज को स्तन पान से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। विभाग के वरिष्ठ आचार्य रेणु अग्रवाल, डॉक्टर गजानन तंवर, डॉ मुकेश बेनीवाल और डॉ पवन डारा ने स्तन पान पर अपनी बात रखी। विभागाध्यक्ष डॉ आर. के. सोनी और और बीकानेर पेडियाट्रिक समिति के डॉक्टर कुलदीप सिंह बिठू और डॉक्टर श्याम अग्रवाल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और उपहार देकर सम्मानित किया गया। अंत में कार्यक्रम की संचालक डॉक्टर सारिका स्वामी ने विश्व स्तनपान सप्ताह के महत्व को समझाते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

### 1121 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगेगी

**बीकानेर,** (कासं)। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के सी. एस. आर. साझेदारी के तहत महावीर इंटरनेशनल एपेक्स के सहयोग से बीकानेर जिले के 25 गांवों में 1121 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही हैं। इस परियोजना पर कुल 2.70 करोड़ रुपए खर्च होंगे।कार्यक्रम का शुभारंभ 11 अगस्त, को सायं 4 बजे रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र स्थित रिद्धि सिद्धि भवन में होगा। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों का सान्निध्य प्राप्त होगा। महावीर इंटरनेशनल बीकानेर के सचिव, वीर संतोष बांठिया ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य गांवों में ऊर्जा की कमी को दूर करना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। सोलर स्ट्रीट लाइट्स के लगने से ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय बेहतर रोशनी मिलेगी, जिससे जनजीवन में सुधार होगा। कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले सभी वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि इसके लाभों पर प्रकाश डालेंगे। यह परियोजना स्थानीय विकास को प्रोत्साहित करेगी।

# दो दिन में आयेगा सूरतगढ़ क्षेत्र में घग्घर नदी का पानी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। शिवालिक की पहाडियों में हो रही बरसात से राजस्थान की घग्घर नदी में पानी की आवक की संभावना जताई जा रही है। इस बार जीएफसी घग्घर नदी में पानी की मात्रा पर पैनी नजर रखे हुए हैं। घग्घर नदी के राजस्थान सीमा पर बने इस्केप स्टक्चर के गेट खोलकर इंदिरा गांधी नहर में पानी चलाया जा रहा है।

वहीं नाली बेड में 2641 क्यूसेक पानी चलाया जा रहा है। शाम को घग्घर नदी का पानी हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा क्षेत्र तक पहुंच गया था। सूरतगढ़ क्षेत्र में घग्घर नदी का पानी दो दिन में आने की उम्मीद है। सूरतगढ़ हनुमानगढ़ फोरलेन पर चेतक चौराहे के पास घग्घर नदी के पुल के नीचे कैली व झांड झंकाड़ लगी हुई है। विभागीय अधिकारियों ने अभी तक पुल के नीचे साफ सफाई का अभियान नहीं चलाया है। इसको लेकर किसानों की भी चिंता बढ़ गई है।

शिवालिक की पहाडियों से होकर बरसाती पानी हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा से बरसाती पानी घग्घर नदी के माध्यम से हनुमानगढ़ पहुंचता है। नाली बेड में 2641 क्यूसेक पानी चलाया जा रहा है। सूरतगढ़ क्षेत्र में घग्घर बहाव क्षेत्र में अभी भी जगह जगह अवैध बंधे बनाए हुए हैं।

- **शिवालिक की पहाडियों में हो रही बरसात से राजस्थान की घग्घर नदी में पानी की आवक**

वहीं चेतक चौराहे व वायुसेना स्टेशन रोड पर बनी पुलिया के नीचे कैळी की भरमार है। इस वजह से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। किसानों का कहना था कि गत वर्ष बारेकां व रंगमहल क्षेत्र में घग्घर नदी में पानी बड़ी मात्रा में आया था। इस वजह से बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए थे। प्रशासन के हस्तक्षेप से ही दोनों पुलियों के नीचे से हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से कैली व झांड झंकाड़ हटाई गई थी। गत वर्ष पानी अनूपगढ़ तक पहुंच गया था।

इस बार प्रशासन ने घग्घर बहाव क्षेत्र में पानी को लेकर उपखण्ड स्तरीय बैठक कर चुका है। इसमें भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। लेकिन घग्घर बहाव क्षेत्र में अभी तक अवैध बंधों व कैली हटाने के लिए उचित कदम नहीं उठाया है। गत वर्ष घग्घर नदी में पानी की मात्रा बढने के साथ ही गांव रंगमहल में बाढ़ के हालात बन गए थे। ग्राम पंचायत रंगमहल के सरपंच विजय ताखर ने बताया कि गत वर्ष 10 से 27 जुलाई तक घग्घर नदी में दस से पन्द्रह हजार क्यूसेक पानी की मात्रा प्रवाहित हो रही थी।

इस वजह से बाढ़ के हालात हो गए थे।24 जुलाई की रात्रि को गांव रंगमहल के बाहर वाला बंधा टूट गया था। इस वजह से रातोंरात ही गांव के बाहरी क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों ने पलायन कर सूरतगढ़ की तरफ आने वाले मार्ग पर अस्थाई रूप से डेरा डाला था। ग्राम पंचायत व समाजसेवी संस्थाओं की ओर से ग्रामीणों के लिए भोजन व चाय नाश्ता की व्यवस्था की गई थी। ग्रामीणों ने प्रशासन के सहयोग से गांव के बाहर पुनः मजबूत बंधा बांधा था।

## हरियाली तीज पर दियातरा में 151 पौधे लगाए

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दियातरा में आज हरियालो राजस्थान अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर सहजन, गुलमोहर, करंज, शीशम, नीम, आंवला, इमली, अमरूद के कुल 151 पौधे लगाए गए।

अभियान के बारे में बताते हुए शाला प्रधानाचार्य भंवरलाल कड़ेला ने बताया कि राजस्थान को हरा भरा प्रदेश बनाने के लिए सभी को मिलकर एक साथ प्रयास करने होंगे और इसमें निश्चित तौर पर सफलता प्राप्त होगी। विद्यालय के एनसीसी प्रभारी राजकुमार लोहार ने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान में एनसीसी कैडेट्स ने भी शाला स्टाफ और विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधारोपण के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना अहम योगदान दिया।

पौधारोपण कार्यक्रम में शाला के उप प्राचार्य विनय भारद्वाज, बुधाराम बिश्नोई, वीरेंद्र प्रताप, करणीदान, गोपालराम मेघवाल, मुकेश सोलंकी, प्रतीक सक्सेना, किशन महाराज, राजकुमार कड़ेला, केशुराम व ग्रामीण जनों की अहम भागीदारी रही।

# नशा तस्कर का कब्जा बुलडोजर से ध्वस्त

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गजसिंहपुर कस्बे में कब्जा शुदा खाली प्लॉट में नशे की गोलियां बरामद होने के बाद पुलिस ने बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया।

पुलिस की कार्रवाई से कस्बावासी खुश नजर आ रहे हैं। पुलिस और आमजन की हुई बैठक में पुलिस उप अधीक्षक संजीव चौहान ने थाना प्रभारी राकेश सांखला को निर्देश दिए कि अगर कस्बावासी नशे के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं तो पुलिस को भी सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

बैठक में कस्बे के लोगों ने बार-बार पूछा कि उन्होंने जो 46 पत्ते नशे की गोलियां पकड़वाई थी। उसको लेकर पुलिस ने क्या कार्रवाई की। कुछ समय बाद नशा बेचने वाले बड़े शान से पुलिस थाने से बाहर आकर कहते हैं कि क्या कर लिया हमारा। इस बात को सुनकर सीओ भी आग बबूला हो गए और आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर चलाने के निर्देश दे दिए। इस पर मंगलवार को थाना प्रभारी ने दल बल सहित पहुंचकर नशे के धंधे में सलिप्त आरोपी का खाली मकान ध्वस्त करा दिया। थाना प्रभारी राकेश सांखला ने

- **गजसिंहपुर कस्बे में कब्जा शुदा खाली प्लॉट में से नशे की गोलियां बरामद की थी**
- **पुलिस ने खाली प्लॉट में बने हुए मकान को बुलडोजर से ध्वस्त किया**

बताया कि जब खाली प्लॉट में नशे की गोलियां बरामद की गई थी। उसके बारे में नगर पालिका से रिपोर्ट ले गई। जब नगर पालिका ने बताया कि यह प्लोट कब्जाशुदा हैं। उसके बाद पुलिस ने खाली प्लॉट में बने हुए मकान को बुलडोजर की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया। नशे की गोलियां बरामद होने के बाद पुलिस ने धारा 107 में मामला दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल विमलेश कुमार को सौंपी थी।

# जबरन उठा ले गए, नाबालिग से दुष्कर्म

**नोखा,** (कासं)। यहां नाबालिग लड़की को उठा ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला नोखा पुलिस थाना क्षेत्र में सामने आया है।

पीड़िता के पिता की ओर से दी गई रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई-भाभी ने फोन कर नाबालिग बेटी को प्रसाद लेने के बहाने बुलाया। उसकी बेटी जब घर से रवाना हुई तो गाड़ी में सवार होकर आए बदमाशों ने उसको बीच रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि नाबालिग लड़की को आरोपी जबरन गाड़ी में डालकर ले गए। आरोपी तीन जने बताए जा रहे है। आरोप है कि आरोपियों ने उसकी नाबालिग बेटी को

- **नाबालिग लड़की को आरोपी जबरन गाड़ी में डालकर ले गए**

डराया व धमकाया तथा उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। आरोप है कि इनमें से एक युवक गाड़ी की पिछली सीट पर उसको लेकर गया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी पीड़िता को उसके घर के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने नाबालिग लड़की का मेडिकल मुआयना करवाया है।

## विद्यार्थियों से किया संवाद

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने बुधवार को विद्यार्थियों से विभिन्न मुद्दों पर परस्पर संवाद हेतु इंटरेक्शन किया।

कुलपति प्रो. गर्ग ने विद्यार्थियों से जीवन अनुभव साझा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को उद्देश्य एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान उनके विद्यार्थियों की प्रतिभा से होती है। विद्यार्थी एवं शिक्षकों के बीच खुला संवाद होना चाहिए। प्रो. गर्ग ने विद्यार्थियों को उद्यमिता अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया एवं अपनी शिक्षा एवं कार्य को पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया।

# ऊंटों के चारागाह व पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूकता लाने के प्रयोजनार्थ कृषि परिक्षेत्र एवं सामुदायिक भवन परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें केन्द्र के वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया।

इस अवसर पर केन्द्र के निदेशक डॉ. राजेश कुमार सावल ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में प्रकृति प्रदत्त व्यवस्था काफी हद तक चरमरा गई है। फलतः वैश्विक तापवृद्धि आदि के कारण ऋतु चक्र में अत्यधिक अनिश्चितता देखी जा सकती है।

- **खेजड़ी, नीम, शहतूत, बेर सहजन व अरडू के पौधे लगाए**

अतः वृक्षों की बहुलता से बदलते परिवेश में पर्यावरणीय असंतुलन से उत्पन्न विभिन्न समस्याओं के प्रसार को काफी हद तक रोका जा सकता है। डॉ. सावल ने पौधारोपण के इस अवसर को ऊंट प्रजाति के संरक्षण हेतु चरागाह विकास से जोड़कर देखने की बात कही।

केन्द्र की चरागाह एवं पशु आहार इकाई की प्रभारी डॉ. प्रियंका गौतम ने बताया कि पारिस्थितिकी तंत्र पर सकारात्मक प्रभाव के ध्येय से केन्द्र में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 40 जाल व 11 अशोक के पौधे लगाये गए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष में 30 खेजड़ी, 70 नीम, 100 शहतूत एवं 20 बैर, 50 झरबेरी, 50 सहजन, 50 अरडू के पौधे भी लगाए गए।

# विद्यार्थियों ने मां के नाम पौधारोपण कर देखभाल का लिया संकल्प

**बीकानेर,** (कासं)। अमृत पर्यावरण महोत्सव के अन्तर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोतीगढ़ के शिक्षक व विद्यार्थियों ने बुधवार को अपनी मां के नाम पर पौधारोपण कर उनकी देखभाल के लिए संकल्प लिया।

शाला के कार्यक्रम अधिकारी मोहर सिंह सलावद ने बताया कि शाला में प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को अमृता देवी के बलिदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य सीमा मैथिल व उप प्राचार्य हरिकिशन ने कहा कि जैसे मां ने आपको पाल कर बड़ा किया, वैसे ही आप अपने मां के नाम के पेड़ का भी वैसे ही पालन पोषण कर प्रकृति का कर्ज उतारें। तभी हमारा जीवन सुरक्षित हो पाएगा।

आज पर्यावरण को बचाने के लिए ये अभियान बिना प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता के गति नहीं पकड़ सकता। कार्यक्रम अधिकारी मोहर सिंह सलावद ने कहा कि ऐसे में प्रत्येक बालक पौधारोपण अभियान का ब्रांड



**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोतीगढ़ के शिक्षक व विद्यार्थियों ने बुधवार को अपनी मां के नाम पर पौधारोपण कर उनकी देखभाल के लिए संकल्प लिया।**

एम्बेसडर बनकर अभियान से अपने परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को भी जोड़ें। शाला में पौधारोपण कार्यक्रम प्रभारी भजन लाल के नेतृत्व में विद्यार्थियों के दलों ने परिसर में अशोक व खुले स्थानों पर फल व छायादार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर प्राचार्य सीमा मैथिल, उप प्राचार्य हरिकिशन, व्याख्याता विनोद कुमार, उर्मिला, कार्यक्रम अधिकारी मोहर सिंह सलावद, वरिष्ठ अध्यापक धर्मपाल, कंप्यूटर अनुदेशक विनय गोयल,

- **शाला में प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को अमृता देवी के बलिदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी**

शारीरिक शिक्षक भजनलाल,अध्यापक संतोष कुमार, रीना प्रजापत, हरिप्रकाश बीलवान, अब्दुल समद, विधालय सहायक भंवर सिंह भाटी, भंवरलाल सहित छात्र संसद के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

हरियाली तीज के पावन पर्व पर परम श्रद्धेय गुरूदेव शिव भगवान के सानिध्य में गुरू गणेश धोरा धाम भीनासर में पौधारोपण किया गया। साथ ही कई तरह के विशेष फूल व फलों के पौधे लगाये गए। इस अवसर पर सभी भक्तगण शामिल हुए और पौधारोपण का संकल्प भी लिया।

# कन्या वाटिका में पौधारोपण, कलेक्टर ने झूले का आनंद लिया

**बीकानेर,** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बुधवार को गंगा थिएटर के पास कन्या वाटिका में पौधारोपण कर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर चिकित्सा मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे अस्तित्व से जुड़े हैं। यह हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। हमारे तीज-त्यौहारों के दौरान वृक्षों को पूजा जाता है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि कन्या वाटिका जैसे नवाचारों से बेटियों को गर्व की अनुभूति होगी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बेटियों को इस वाटिका का अवलोकन करवाया जाए।.उन्होंने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत हरियालो राजस्थान महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान की थीम पर पौधे लगाने व देखरेख करने का संकल्प लेने को कहा जिससे पौधा, वृक्ष का रूप ले सके।

संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं के तीज उत्सव मनाया इसके बाद संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि व पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने भी बेटियों के नाम पर पौधारोपण किया।

पौधारोपण के बाद संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर ने महिलाओं के साथ सेल्फी प्वाइंट पर फोटो लेकर, मेहंदी लगवा व सावन के गीतों को सुनकर, झूला झूलते हुए तीज के त्यौहार का आनंद लिया। समारोह में महिलाए पारंपरिक लहरिया परिधान पहनकर आई।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3805 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 07.08.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पवन कुमार सोनी एवं श्री अमित कुमार सोनी पिसरान श्री हरचन्दराम सोनी निवासी वार्ड नं. 39 मीरा चौक, आ.सी. विद्यालय के सामने, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 7/8 के किला नं. 15 में माप 37.6 इंटू 39.6 फीट भूखंड सं. बी-35, अशोक नगर-बी श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 908 दिनांक 27.06.2013 को श्रीमती निर्मला देवी पत्नी श्री हरचन्द राम के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्रीमती निर्मला देवी की मृत्यु दिनांक 11.5.2024 को होने के उपरांत श्री पवन कुमार सोनी एवं अमित कुमार सोनी द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 29.08.2023 की प्रति प्रस्तुत कर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री पवन कुमार सोनी एवं श्री अमित कुमार सोनी पिसरान श्री हरचन्दराम सोनी निवासी वार्ड नं. 39 मीरा चौक, आ.सी. विद्यालय के सामने, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/462

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर